राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा आयोजित

AKSHANSH PUBLICATION

# राजस्थान हाईकोर्ट

# चतुर्थ श्रेणी

## कर्मचारी चयन भर्ती परीक्षा

**विशेषताएँ:**

- परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
- नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेश
- विगत वर्ष के प्रश्नपत्रो के विश्लेषण के आधार पर हूबहू मॉडल पेपर्स

सभी प्रश्नों की व्याख्या सहित हल

# 10 MODEL PAPER

10 OMR SEETS




करण सर | मुकेश मारवाड़ी सर | शिवानी मैम

# अक्षांश पब्लिकेशन

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

व्याख्यात्मक हल

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**

के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

AKSHANSH
PUBLICATION

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा आयोजित

# राजस्थान हाईकोर्ट

# चतुर्थ श्रेणी

## कर्मचारी चयन भर्ती परीक्षा

**10 MODEL PAPER**
**10 OMR SEETS**

व्याख्यात्मक हल लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के YouTube चैनल एवं एप्लिकेशन पर उपलब्ध।

YOUTUBE

एप्लिकेशन

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"


संपादक
**करण सर, मुकेश मारवाड़ी सर, शिवानी मैम**

सह संपादक
**राजवर्धन बेगड़, गंगासिंह, अमृत लाल**
**निशांत सोलंकी, अनोपचंद मंडा, प्रकाश मेघवाल**


**MRP : ₹120**


प्रकाशन
**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**


**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन**

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM INSTAGRAM YOUTUBE FACEBOOK WHATSAPP

बुक कोड - AP0044

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

इस पुस्तक में दी गई सभी जानकारियाँ, तथ्य और सूचनाएँ सावधानीपूर्वक सत्यापित की गई हैं। फिर भी यदि किसी जानकारी या तथ्य में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसके लिए प्रकाशक, संपादक या मुद्रक जिम्मेदार नहीं होंगे।

हमारा विश्वास है कि इस पुस्तक की सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से तैयार की गई है। यदि किसी प्रकार का कॉपीराइट उल्लंघन सामने आता है, तो उसकी जिम्मेदारी प्रकाशक की नहीं होगी।

सभी विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक क्षेत्र उदयपुर रहेगा।

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | मॉडल पेपर | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 9 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 10 - 19 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 20 - 29 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 30 - 39 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 40 - 49 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 50 - 59 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 60 - 70 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 71 - 80 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 81 - 91 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 92 - 101 |

**1. निम्न में से कौन-सा नृत्य बड़े नगाड़े की थाप के साथ किया जाता है?**
(a) अग्नि (b) गींदड़
(c) डांडिया (d) बम

**2. निम्नलिखित में से किस जनजाति में वालर लोकनृत्य (Balar folk dance) लोकप्रिय है?**
(a) भील (b) सहरिया
(c) गरासिया (d) मीणा

**3. लच्छीराम किस लोक नाटक से संबंधित है?**
(a) कुचामनी ख्याल (b) जयपुरी ख्याल
(c) हेला ख्याल (d) शेखावाटी ख्याल

**4. 'ओल्यूं' राजस्थानी लोक जीवन के किस अवसर से सम्बन्धित है?**
(a) पुत्र जन्मोत्सव गीत
(b) पुत्री विवाह का विदाई गीत
(c) होली पर किया जाने वाला लोक नृत्य
(d) बारात की आगवानी का गीत

**5. चित्रकला के विकास हेतु कार्यरत' आयाम तथा कलावृत संस्थान' किस जिले में स्थित है?**
(a) जोधपुर (b) अजमेर
(c) जयपुर (d) उदयपुर

**6. मुनव्वती कला कहाँ प्रसिद्ध है, जिसमें ऊँट के चमड़े से सजाया जाता है?**
(a) उदयपुर (b) जयपुर
(c) बीकानेर (d) जोधपुर

**7. बाँकिया, सिंगी और टोटा लोकवाद्य किस परम्परा से सम्बद्ध है-**
(a) तत् वाद्य (b) अवनद्ध वाद्य
(c) घन वाद्य (d) सुषिर वाद्य

**8. बाड़मेर में 2019 में, 14वीं सदी के लोक बाबा रामदेव के जन्म स्थान पर मंदिर बनाया गया। इस मंदिर का निर्माण मुख्य रूप से... से किया गया।**
(a) किशनगढ़ के सफेद संगमरमर
(b) जैसलमेर के पीले पत्थर
(c) अजमेर का ग्रेनाइट पत्थर
(d) धौलपुर का लाल पत्थर

**9. प्लेग रक्षक एवं ऊँटों के देवता के रूप में प्रसिद्ध लोक देवता है -**
(a) देवनारायण जी (b) पाबू जी
(c) गोगाजी (d) रामदेवजी

**10. 'कंठेसरी माता' किसकी देवी मानी जाती है?**
(a) आदिवासियों (b) जाटों
(c) राजपूतों (d) चारणों

**11. निम्न में से किस लोकदेवी को "थार की वैष्णो देवी" कहा जाता है?**
(a) जीण माता (b) चामुण्डा माता
(c) ज्वाला माता (d) तनोट माता

**12. कटकी भाँत से क्या आशय है?**
(a) गले का आभूषण (b) एक प्रकार का वस्त्र
(c) एक वाद्य यंत्र (d) एक देशी खेल

**13. स्त्रियाँ बोरला आभूषण शरीर के किस भाग पर पहनती है?**
(a) हाथ (b) गर्दन
(c) कान (d) सिर

**14. जिला, जिसमें प्रसिद्ध भर्तृहरि मेला आयोजित होता है-**
(a) जयपुर (b) भरतपुर
(c) अलवर (d) दौसा

**15. सीताबाड़ी का मेला (सहरिया जनजाति का कुंभ) जहाँ लगता है, है-**
(a) अरणोद - प्रतापगढ़
(b) चौथ का बरवाड़ा - सवाईमाधोपुर
(c) केलवाड़ा – बाराँ
(d) पुष्कर – अजमेर

**16. अक्षय तृतीया का त्योहार कब मनाया जाता है?**
(a) वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को
(b) ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को
(c) वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की तृतीया को
(d) आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को

**17. घुड़ला का त्योहार किसकी स्मृति में मनाया जाता है?**
(a) उल्लूग खाँ (b) मल्लूखाँ
(c) घुड़लेखाँ (d) राव सातल

**18. सिरोही में दिलवाड़ा जैन मंदिर किस पत्थर से तराशे गए हैं?**
(a) बलुआ पत्थर (b) सफेद संगमरमर
(c) ग्रेनाइट (d) चूना पत्थर

**19. अपनी गोपुरम आकृति के लिए प्रसिद्ध रंगनाथ मंदिर, जिसका निर्माण सेठ पूरणमल ने 1844 ई. में करवाया, कहाँ स्थित है?**
(a) पुष्कर में (b) नाथद्वारा में
(c) करौली में (d) आबू रोड़ में

**20. देवीकुण्ड सागर की छतरियाँ स्थित हैं-**
(a) उदयपुर (b) जैसलमेर
(c) जयपुर (d) बीकानेर

**21. निम्नलिखित में से किसे राजस्थानी साहित्य का प्रथम गद्य लेखक कहा जा सकता है?**
(a) यादवेंद्र शर्मा (b) रामेश्वर दयाल
(c) शिव चंद्र भरतिया (d) लक्ष्मी कुमारी चुण्डावत

**22. साहित्यिक कृति "अमोलक वातां" के लेखक का नाम बताइए।**
(a) शिव चंद्र भारतीय
(b) लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत
(c) यादवेंद्र शर्मा
(d) विजयदान देथा

**23. रचनाकारों और राजस्थानी ग्रंथों में उनके कार्यों के संबंध में स्तंभ-अ को स्तंभ-ब से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए -**

| स्तंभ-अ (रचनाकार) | स्तंभ-ब (ग्रंथ) |
|---|---|
| (A) पृथ्वीराज राठौड़ | (i) राजरत्नाकर |
| (B) बीटू सूजा | (ii) बेलि क्रिसन रुक्मणी री |
| (C) सदाशिव | (iii) राव जैतसी रो छंद |
| (D) जगजीवन भट्ट | (iv) अजितोदय |

**कूट -**
(a) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)
(b) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)
(c) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)
(d) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)

**24. तोरावाटी निम्नलिखित में से किस बोली की उप-बोली है?**
(a) वागड़ी (b) ढूँढाड़ी
(c) हाड़ौती (d) मेवाती

**25. जगरौती किस क्षेत्र की बोली है?**
(a) चित्तौड़गढ़ (b) करौली
(c) सिरोही (d) डूंगरपुर

**26. इनमें से किस शब्द का संधि-विच्छेद सही नहीं है?**
(a) निरीक्षण = नि: + इक्षण
(b) वयोवृद्ध = वय: + वृद्ध
(c) अंततोगत्वा = अन्तत: + गत्वा
(d) पुनरुक्ति = पुन: + उक्ति

**27. इनमें से कौन-सा संधि-शब्द सही नहीं है?**
(a) रवि + इन्द्र = रविन्द्र (b) तथा + एव = तथैव
(c) नि: + रोग = नीरोग (d) मन: + ताप = मनस्ताप

**28. इनमें से कौन-सा संधि-शब्द गलत है?**
(a) सत् + जन = सज्जन (b) चित् + मय = चिन्मय
(c) सत् + गति = सद्गति (d) सत् + मार्ग = सद्मार्ग

**29. 'वह स्वत: ही जान जाएगा' वाक्य में सर्वनाम है-**
(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) निजवाचक सर्वनाम
(c) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**30. किस समूह में सभी सर्वनाम प्रश्नवाचक हैं?**
(a) कौन, क्या, किसने (b) जो, कोई, वह
(c) जिनका, जो, किनका (d) जिन्होंने, उन पर, उसको

**31. "किसी की चिट्ठी डाकिया हमारे घर फेंक गया।" रेखांकित शब्द किस सर्वनाम को दर्शाता है?**
(a) अनिश्चयवाचक (b) निजवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) संबंधवाचक

**32. इनमें से सकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है?**
(a) रमेश कविता लिखता है।
(b) अध्यापक पुस्तक लाता है।
(c) मोहन रोता है।
(d) माँ रोटी पकाती है।

**33. 'मैंने लड़के को पुस्तक पढ़ाई।' उक्त वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद है-**
(a) अकर्मक (b) संयुक्त
(c) पूर्वकालिक (d) द्विकर्मक

**34. 'मोहन ने भोजन किया' में 'कर्म' क्या है-**
(a) मोहन (b) भोजन
(c) किया (d) ने

**35. इनमें कौन-सा विशेषण नहीं है?**
(a) भाईचारा (b) बेचारा
(c) थकाहारा (d) बेसहारा

**36. "टोकरी में मीठे संतरे हैं" में 'मीठे' शब्द कौन-सा विशेषण है?**
(a) परिमाणवाचक (b) संख्या वाचक
(c) सार्वनामिक (d) गुणवाचक

**37. संज्ञा शब्द से बना विशेषण नहीं है?**
(a) लिखित (b) दयालु
(c) सड़कछाप (d) भूखा

**38. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए।**

| सूची-I (समास) | सूची-II (विशेषता) |
|---|---|
| (A) अव्ययीभाव समास | (I) जिस समास में दोनों खंड प्रधान न हो |
| (B) तत्पुरुष समास | (II) जिस समास का उत्तर खंड प्रधान |
| (C) द्वंद्व समास | (III) जिस समास के दोनों खंड प्रधान |
| (D) बहुव्रीहि समास | (IV) जिस समास का पूर्व खंड प्रधान |

(a) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)
(b) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(II)
(c) (A)-(IV), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(I)
(d) (A)-(I), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(II)

**39. इनमें से बहुव्रीहि समास का उदाहरण नहीं है -**
(a) चतुर्भुज (b) धर्माधर्म
(c) कनफटा (d) नीलकंठ

**40. निम्न में से शुद्ध विकल्प नहीं है -**
(a) यथाविधि - अव्ययीभाव समास
(b) तुलसीकृत - द्वन्द्ध समास
(c) नीलगाय - कर्मधारय समास
(d) राजपुत्र - तत्पुरुष समास

**41. 'विशिष्ट' का विलोम शब्द है-**
(a) अशिष्ट (b) असाधारण
(c) संश्लिष्ट (d) सामान्य

**42. निम्नलिखित में से कौन-सा विलोम शब्द-युग्म गलत है?**
(a) इष्ट – अनिष्ट (b) छली – निश्छल
(c) उत्कर्ष – विकर्ष (d) सानुनासिक – निरनुनासिक

**43. निम्न में से कौन-सा विलोम युग्म सही नहीं है?**
(a) इष्ट – अनिष्ट (b) आशा – निराशा
(c) उर्वर – ऊसर (d) आधुनिक – नवीन

**44. 'हलाहल' का विलोम शब्द होगा-**
(a) विष (b) गरल
(c) सुधा (d) वृषा

**45. किस विकल्प में सभी शब्द 'पृथ्वी' के पर्यायवाची हैं?**
(a) क्षिति, वसुधा, मौलि (b) धरती, अवनि, ऋक्ष
(c) मही, विश्वंभरा, धरणी (d) अचला, धरा, याज्ञसेनी

**46. निम्नलिखित में से 'बुद्धि' शब्द के पर्यायवाची नहीं हैं–**
**(A) विपुल** **(B) प्रज्ञा**
**(C) माधव** **(D) मेधा**
**(E) जड़**
(a) केवल (D) और (E)
(b) केवल (B) और (D)
(c) केवल (A), (C) और (E)
(d) केवल (B), (C) और (D)

**47. निम्नलिखित में से बिजली का सबसे उपयुक्त पर्यायवाची चुनिए-**
(a) कांता (b) तीर
(c) चंचला (d) तनय

**48. 'नौकर जा रहा था। वाक्य में कौनसा काल है?**
(a) सामान्य भूतकाल (b) अपूर्ण भूतकाल
(c) संदिग्ध भूतकाल (d) पूर्ण भूतकाल

**49. 'अगर वह काम करता होता, तो अब तक चतुर हो जाता।' में है-**
(a) संभाव्य वर्तमान काल (b) संदिग्ध वर्तमान काल
(c) हेतुहेतुमद् भूतकाल (d) अपूर्ण भूतकाल

**50. निम्न शब्द समूहों में से किस समूह के सभी शब्द शुद्ध हैं?**
(a) झोंपड़ी, शुभेच्छु, मूर्छा
(b) गृहिणी, भ्रान्ति, जिजीविषा
(c) तकनीकी, परिक्षित, आमात्य
(d) बारात, मालिन, हरिण

**51. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं-**
(a) पारितोषिक, गत्यावरोध (b) प्रज्वलित, त्यौहार
(c) श्रंखला, आशिर्वाद (d) अत्युक्ति, निरवलंब

**52. निम्न में से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**
(a) पूज्य (b) हिन्दु
(c) परीक्षा (d) पुरुष

**53. निम्न में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**
(a) औषधि (b) आश्र्चय
(c) पुर्व (d) सुर्य

**54. सही वर्तनी वाला शब्द है?**
(a) आध्यात्मिक (b) अध्यात्मिक
(c) आध्यत्मिक (d) आध्यत्मीक

**55. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –**
(a) यह कार्य कैसे संभव है?
(b) कृष्ण ने कंस का वध किया।
(c) थोड़े समय बाद छात्र वापस लौट आए।
(d) देश शहीदों का सदा आभारी रहेगा।

**56. निम्न में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए -**
(a) दुर्घटना में अनेकों लोग घायल हुए।
(b) इन प्रश्नों का उत्तर पचास शब्द में दो ।
(c) क्या ये सारी पुस्तकें मुझे पढ़नी है?
(d) यहाँ से अनेक गाड़ी गुजरती हैं।

**57. इनमें से कौनसा वाक्य शुद्ध है?**
(a) मीरां एक प्रसिद्ध कवि थीं।
(b) हिदी और अंग्रेज़ी मेरी भाषाएँ हैं।
(c) प्यास के मारे उसका प्राण निकल गया।
(d) जया एक बुद्धिमान बालिका है।

**58. 'बहुत घमंड करना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है -**
(a) आसमान पर थूकना। (b) आसमान पर उड़ना।
(c) आसमान दिखाना। (d) आसमान सिर पर उठाना।

**59. 'टोपी उछालना' मुहावरे का अर्थ है-**
(a) अपमानित करना (b) छिपकर षड्यंत्र रचना
(c) रक्षा करना (d) ध्यान रखना

**60. 'कतर ब्योंत करना' मुहावरे का अर्थ है :**
(a) आँख बचाकर निकलना। (b) चतुराई दिखाना।
(c) काट-छाँट करना। (d) चुगली करना।

**61. 'मन उमग्यो' राजस्थानी मुहावरे का सही अर्थ है-**
(a) प्रसन्न होना। (b) मन भरना।
(c) फूल बरसना । (d) सावन बरसना।

**62. 'आप पहले ही काफी ऋण ले चुके हैं फिर भी और ऋण लेने का इरादा रखते हैं। याद रखिए ..........।' वाक्य में रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त लोकोक्ति है-**
(a) जो पहले मारे सो मीर।
(b) जो गुड़ खाए वही कान छिदाए ।
(c) ज्यों-ज्यों भीजे कामरी, त्यों-त्यों भारी होय ।
(d) ज्यों-ज्यों मुर्गी मोटी हो, त्यों-त्यों दुम सिकुड़े।

**63. 'झगड़े की जड़ को नष्ट कर देना के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है-**
(a) नेकी कर दरिया में डाल
(b) न बासी बचे न कुत्ता खाए
(c) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी
(d) न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी

**64. 'जान बूझकर विपत्ति में पड़ना' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है-**
(a) ऊँट के गले में बिल्ली
(b) इधर कुआँ, उधर खाई
(c) आमों की कमाई, नींबुओं में गंवाई
(d) आ बैल मुझे मार

**65. 'लेना एक न देना दो' लोकोक्ति का अर्थ होगा:-**
(a) बिना मतलब
(b) धनी को और धन मिलना
(c) खाली बैठने से कुछ करना ही अच्छा है
(d) शक्तिहीन होने पर भी घमण्ड न जाना

**66. किन समश्रुत शब्दों का अर्थ भेद सही नहीं है?**
(a) हरण–हरिण = चुराना–मृग (b) स्रोत–श्रोत = धारा–कान
(c) चिर–चीर = वस्त्र–दीर्घकाल (d) द्रव–द्रव्य = तरल–पदार्थ

**67. 'परिच्छद–परिच्छेद' शब्दों का सही अर्थ भेद है-**
(a) आवरण–अनुभाग (b) काटना–साज-सामान
(c) सीमा–नौकर-चाकर (d) अनुभाग–आवरण

**68. नीचे दो स्तंभ दिए गए हैं। स्तंभ A में शब्द हैं और स्तंभ B में उनके अर्थ दिए गए हैं। स्तम्भ A का स्तम्भ B से मिलन कीजिए एवं नीचे दिए गए जूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| स्तंभ A | स्तंभ B |
|---|---|
| 1. तपस्वी | A. जो वन में घूमता हो |
| 2. अक्षम्य | B. जिसे क्षमा न किया जा सके |
| 3. अमूल्य | C. जिसका कोई मूल्य न हो |
| 4. वनचर | D. तप करने वाला |

**कूट–**
(a) (1)–(D), (2)–(B), (3)–(C), (4)–(A)
(b) (1)–(D), (2)–(B), (3)–(A), (4)–(C)
(c) (1)–(A), (2)–(B), (3)–(C), (4)–(D)
(d) (1)–(B), (2)–(A), (3)–(D), (4)–(C)

**69. 'जो पहले कभी न हुआ हो' वाक्य के लिए निम्न में से कौन सा शब्द सबसे उपयुक्त है?**
(a) अग्रिम (b) अज्ञेय
(c) अभूतपूर्व (d) अपरिमेय

**70. 'किसी टूटी-फूटी इमारत या बस्ती का बचा हुआ अंश' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-**
(a) भग्न (b) खंडित
(c) खंडिताकार (d) भग्नावशेष

**71. 'बुरे भाव से की गई संधि' को कहते हैं-**
(a) दुरभिसंधि (b) छद्मसंधि
(c) कूट-संधि (d) दुष्ट-संधि

**72. 'युद्ध की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) पिपासु (b) युयुत्सु
(c) जिज्ञासु (d) उत्सुक

**73. निम्नलिखित में से किस शब्द का एक पर्याय पुल्लिंग है और एक स्त्रीलिंग है?**
(a) गाय (b) ग्रंथ
(c) शेर (d) अर्क

**74. हेतुहेतुमद् भूत का उदाहरण है?**
(a) तुम आते तो मेरा काम बन जाता
(b) लड़के थक गए थे
(c) इस साल बारिश होने की संभावना कम है
(d) घोड़े के चार पैर और दो कान होते हैं

**75. 'नारी' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा?**
(a) नारि (b) नारीयाँ
(c) नारियों (d) नारियाँ

**76. Select the correct form of the tense from the verbs given in the brackets -**
**Very unwillingly he (turn) down the sound of the TV and (go) to answer the door bell.**
(a) turned, went
(b) turning, went
(c) turned, go
(d) turns, go

**77. Choose the most appropriate passive form of the sentence given.**
**No one can do anything about the case unless someone gives us more information.**
(a) Nothing can be done about the case, unless we are given more information.
(b) Someone has to give more information for us to do something.
(c) To do anything more information is required.
(d) Unless someone gives us more information we cannot do anything.

**78. Choose the most appropriate optjon for the reported form of the given sentence:**
**"Read it for yourself if you don't believe what I say", he told me.**
(a) He suggested that I read it since I didn't believe what he said.
(b) He told me to read it as I didn't believe what he said.
(c) He told me to read it for myself if I didn't believe what he said.
(d) He asked me to read it himself if I was not ready to believe.

**79. America was ______ by Columbus.**
(a) invented (b) founded
(c) discovered (d) researched

**80. Choose the most appropriate Hindi word for the given word:**
**DEFERRED**
(a) अपवित्र करना (b) विलंब करना
(c) अवज्ञा करना (d) परिभाषित करना

**81. Choose the most appropriate option to fill in the blank:**
**I need to buy ___ eggs but I haven't got ___ money to pay for them.**
(a) all, little (b) few, a little
(c) some, any (d) any, some

**82. Choose the most appropriate option to fill in the blanks.**
**____ Mr. Mehra called while you were out. He wants to make ___ complaint about ___ article in the paper. He was in ____ very bad temper.**
(a) A, a, the, a (b) A, x, an, the
(c) A, a, an, a (d) x, an, an, an

**83. What a beautiful day! (Change to Assertive)**
(a) He exclaimed that what a beautiful day.
(b) he exclaimed that it was what a beautiful day.
(c) He exclaimed that it was a beautiful day.
(d) he exclaimed that that it being a beautiful day.

**84. Choose the most appropriate antonym for the underlined word.**
**The judge thought that the offence was <u>deliberate</u>.**
(a) Casual (b) Unintentional
(c) Legitimate (d) Negligible

**85. Complete the sentence given by choosing the most appropriate word:**
**A person who admires/loves himself/herself too much is a-**
(a) Novice (b) Numismatist
(c) Narcissist (d) Narcisus

♦♦♦♦

1. [d]

**व्याख्या:-**

➢ **बम नृत्य**

➢ **वाद्य यंत्र** - नगाड़ा (बम नृत्य में नगाड़ा वाद्य यंत्र का प्रयोग किया जाता है।)

➢ नगाड़े को **बम** कहा जाता है।

2. [c]

**व्याख्या:-**

➢ वालर लोकनृत्य युगल किया जाता है। इसमें किसी भी वाद्ययंत्र का प्रयोग नहीं होता है।

3. [a]

**व्याख्या:-**

➢ लच्छीराम कुचामनी ख्याल लोकनाट्य से संबंधित हैं।

4. [b]

**व्याख्या:-**

➢ **ओल्यूँ-**

➢ बेटी की विदाई पर घर की स्त्रियों की द्वारा गाया जाने वाला लोकगीत।

5. [c]

**व्याख्या:-**

➢ **चित्रकला से संबंधित प्रमुख संग्रहालय**

➢ जैन भंडार / जिनभद्र सुरी संग्रहालय – जैसलमेर

➢ मान प्रकाश – जोधपुर

➢ पोथीखाना – जयपुर

6. [c]

**व्याख्या:-**

➢ यह **राजस्थान में बीकानेर की प्रसिद्ध** है।

➢ ऊंट की खाल अथवा बाल पर सोने की नक्काशी और मुन्नवत का कार्य उस्ता कला कहलाती है।

7. [d]

**व्याख्या:-**

➢ **बाँकिया, सिंगी और टोटा लोकवाद्य** सुषिर वाद्य **से सम्बद्ध है।**

➢ **बांकिया**

➢ राजस्थान में बहुप्रचलित वाद्ययंत्र जो सरगरा जाति द्वारा वैवाहिक एवं मांगलिक अवसर पर बजाया जाता है।

8. [b]

**व्याख्या:-**

➢ इस मंदिर का निर्माण मुख्य रूप से **जैसलमेर के पीले पत्थरों** से किया गया था।

9. [b]

**व्याख्या:-**

➢ **पाबूजी राठौड़ का जन्म -** 1239 ई. में कोलुमण्ड गाँव (फलोदी) में हुआ था।

➢ **मुहणौत नैणसी के अनुसार इनका जन्म खारिया खाबड जूना, बाडमेर में हुआ।**

➢ **पिता -** धाँधल जी राठौड़।

➢ **माता -** कमलादे।

10. [a]

**व्याख्या:-**

➢ 'कंठेसरी माता' **आदिवासियों की देवी** मानी जाती है।

11. [d]

**व्याख्या:-**

➢ **तनोट माता**

➢ उपनाम - रुमाल वाली देवी, सेना के जवानों की ईष्ट देवी, भाटी शासकों की ईस्ट देवी, थार की वैष्णो देवी आदि।

➢ तनोट माता के इस मंदिर में माता की पूजा बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवान करते हैं।

➢ इस मंदिर के सामने भारत–पाक युद्ध (1965) में भारत की विजय का प्रतीक स्तंभ बना है।

12. [b]

**व्याख्या:-**

➢ **कटकी**

➢ इसे अविवाहित लड़कियों द्वारा सिर पर ओढ़ा जाता है।

➢ इसमें अलंकरण को **पावली** एवं ओढ़नी को **पावली भाँत की ओढ़नी** कहते हैं।

13. [d]

**व्याख्या:-**

➢ बोर, बोरला (राखड़ी) स्त्रियों के सिर का आभूषण विशेष है।

14. [c]

**व्याख्या:-**

➢ राजस्थान के अलवर जिले में प्रसिद्ध **भर्तृहरि मेला** आयोजित होता है।

➢ यहाँ लक्खी मेला प्रतिवर्ष **भादवा शुक्ल अष्टमी** को आयोजित किया जाता है।

15. [c]

**व्याख्या:-**

➢ केलवाडा, बारॉं में इस मेले का आयोजन **ज्येष्ठ अमावस्या** को किया जाता है।

➢ इसे **सहरिया जनजाति का कुंभ** कहा जाता है।

16. [a]

**व्याख्या:-**

➢ अक्षय तृतीया को ही **आखा तीज** कहा जाता है। अर्थात् वैशाख शुक्ल तृतीया को आखा तीज मनाई जाती है।

17. [d]

**व्याख्या:-**

➢ घुड़ला का त्योहार **राव सातल की स्मृति में मनाया** जाता है।

18. [b]

**व्याख्या:-**

➢ देलवाडा के जैन मंदिर में पॉच मंदिरों का समूह है। इसे विमल वसही व लूणवसही मंदिर भी कहते है।

19. [a]

**व्याख्या:-**

➢ **रंगनाथ का मंदिर (पुष्कर)**

➢ रंगनाथ का मंदिर **पुष्कर** में स्थित है।

➢ इस मंदिर में **भगवान विष्णु, लक्ष्मी तथा नृसिंह जी की 1300 साल से भी पुरानी मूर्तियाँ है।**

**20. [d]**

**व्याख्या:-**

- **देवीकुंड सागर - बीकानेर की छतरियाँ**
- यहाँ **बीकानेर राजपरिवार** की छतरियाँ है।
- यहाँ **राव कल्याणसिंह से लेकर महाराजा डूँगरसिंह** तक की छतरियां बनी हुई है।

**21. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थानी साहित्य के प्रथम गद्य लेखक के रूप में शिव चन्द्र भारतीय को माना जाता है।

**22. [b]**

**व्याख्या:-**

- साहित्यिक कृति 'अमोलक वातां' की लेखिका रानी लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत है।
- उनकी अन्य लोकप्रिय रचनाओं में 'मूमल', 'गिर ऊँचा, ऊँचा गढां' और 'कै रे चकवा बात' शामिल हैं।

**23. [c]**

**व्याख्या:-**

- पृथ्वीराज राठौड़ - बेलि क्रिसन रुक्मणी री
- बीटू सूजा - राव जैतसी रो छंद
- सदाशिव- राजरत्नाकर
- जगजीवन भट्ट – अजितोदय

**24. [b]**

**व्याख्या:-**

- **ढूँढाड़ी बोली की उपबोलियाँ-**
- तोरावाटी, राजावाटी, नागरचोल, काठेड़ी, चौरासी, उदयपुरवाटी, हाड़ौती, अजमेरी, किशनगढ़ी।

**25. [b]**

**व्याख्या:-**

- **जगरौती बोली** मुख्य रूप से करौली जिले में बोली जाती है।
- यह **ढुढ़ाड़ी की उपबोली** है।

**26. [a]**

**व्याख्या:-**

- **विसर्ग संधि-** विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन का मेल होने पर विसर्ग के उच्चारण और लेखन में जो विकार/परिवर्तन होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं।
- निरीक्षण = निः + ईक्षण
- वयोवृद्ध = वय: + वृद्ध
- अंततोगत्वा = अन्तत: + गत्वा
- पुनरुक्ति = पुन: + उक्ति
- तपोवन = तपः+वन
- 

**27. [a]**

**व्याख्या:-**

- दो समान स्वर मिलकर दीर्घ हो जाते हैं। यदि 'अ' 'आ', 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' के बाद वे ही लघु या दीर्घ स्वर आएँ तो दोनों मिलकर क्रमश: 'आ' 'ई' 'ऊ' हो जाते हैं।
- रवि + इंद्र (इ + इ= ई) = रवीन्द्र
- गिरि + ईश (इ + ई = ई) = गिरीश
- रजनी + ईश (ई + ई = ई) = रजनीश

**28. [d]**

**व्याख्या:-**

- जब पास आने वाले दो वर्णों में से पहला वर्ण व्यंजन हो और दूसरा स्वर अथवा व्यंजन कुछ भी हो तो उनमें होने वाली संधि को 'व्यंजन-संधि' कहते हैं।
- सत् + मार्ग = सन्मार्ग
- वाक्+ईश = वागीश
- दिक्+गज = दिग्गज
- वाक्+दान = वाग्दान

**29. [b]**

**व्याख्या:-**

- **सर्वनाम:-** संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।
- **निजवाचक:-** वे सर्वनाम जिनका प्रयोग वक्ता या लेखक स्वयं के लिए करता है, निजवाचक सर्वनाम कहलाता है।
  **उदाहरण**- वह स्वत: ही जान जाएगा।

**30. [a]**

**व्याख्या:-**

- कौन, क्या, किसने **सभी सर्वनाम प्रश्नवाचक** है।

**31. [a]**

**व्याख्या:-**

- रेखांकित शब्द 'किसी' अनिश्चयवाचक सर्वनाम को दर्शाता है, क्योंकि यह वाक्य में किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं कराता है, बल्कि अनिश्चितता को प्रकट करता है।

**32. [c]**

**व्याख्या:-**

- **सकर्मक क्रिया का उदाहरण**
- रमेश कविता लिखता है।
- अध्यापक पुस्तक लाता है।
- माँ रोटी पकाती है।
- **अकर्मक क्रिया**
- मोहन रोता है।

**33. [d]**

**व्याख्या:-**

- **द्विकर्मक क्रिया**- ऐसी क्रिया जो एक ही समय में दो वस्तुओं पर प्रभाव डाले या दो चीज़ों की अपेक्षा रखे, उसे द्विकर्मक क्रिया कहते हैं।
- जैसे- मैंने लड़के को पुस्तक पढ़ाई।

**34. [b]**

**व्याख्या:-**

- 'मोहन ने भोजन किया' वाक्य में 'कर्म' भोजन है, क्योंकि 'किया' क्रिया का फल 'भोजन' पर पड़ रहा है।

**35. [a]**

**व्याख्या:-**

- भाईचारा – यह संज्ञा है। इसका मतलब है आपसी प्रेम, सौहार्द या मेल–मिलाप; जैसे – गाँव में सभी लोग भाईचारे से रहते हैं।
- यहाँ "भाईचारा" एक संज्ञा (भाववाचक संज्ञा) है।
- बेचारा – विशेषण है, किसी पर दया प्रकट करने के लिए प्रयोग होता है; जैसे — वह बेचारा बच्चा अकेला खड़ा था।

36. [d]
**व्याख्या:-**
➢ वाक्य "टोकरी में मीठे संतरे हैं" में **'मीठे'** शब्द संतरे का स्वाद **(गुण)** बताता है।

37. [a]
**व्याख्या:-**
➢ 'दया+आलु', 'भूख+आलू' और 'सड़क+छाप' ये सभी संज्ञा से बने हुए विशेषण हैं।
➢ जबकि 'लिखित' शब्द क्रिया 'लिख' में 'इत' प्रत्यय जोड़कर बना विशेषण है।

38. [c]
**व्याख्या:-**
➢ **अव्ययीभाव समास** – पूर्व खंड (अव्यय) प्रधान, जैसे यथाशक्ति
➢ **तत्पुरुष समास –** उत्तर खंड प्रधान, जैसे देशभक्त
➢ **द्वंद्व समास –** दोनों खंड प्रधान, जैसे माता–पिता
➢ **बहुव्रीहि समास –** दोनों खंड गौण, तीसरा अर्थ प्रधान, जैसे दशानन

39. [b]
**व्याख्या:-**
➢ धर्माधर्म - धर्म या अधर्म (वैकल्पिक द्वन्द्व समास– या/अथवा)
➢ चतुर्भुज - चार हैं भुजाएँ जिसके (विष्णु)- बहुव्रीहि समास
➢ कनफटा - कान फटे हुए जिसके वह अर्थात-एक विशेष संप्रदाय या समूह - बहुव्रीहि समास
➢ नीलकंठ - नीला है कंठ जिसका अर्थात् (शंकर)- बहुव्रीहि समास

40. [b]
**व्याख्या:-**
➢ तुलसीकृत - द्वन्द्व समास यह सही सुमेलित नहीं है।
➢ तुलसीकृत का समास विग्रह "तुलसी द्वारा रचित" होगा, जो तत्पुरुष समास (करण तत्पुरुष) का उदाहरण है।
➢ यथाविधि - विधि के अनुसार
➢ नीलगाय - नीली है जो गाय
➢ राजपुत्र - राज (राजा) का पुत्र

41. [d]
**व्याख्या:-**
➢ 'विशिष्ट' का विलोम शब्द सामान्य होगा।
➢ अशिष्ट का विलोम शब्द शिष्ट है।
➢ असाधारण का विलोम शब्द साधारण है।

42. [c]
**व्याख्या:-**
➢ उत्कर्ष – विकर्ष का विलोम युग्म गलत है, क्योंकि उत्कर्ष का विलोम अपकर्ष होता है।
➢ अन्य विकल्प सुमेलित हैं।

43. [d]
**व्याख्या:-**
➢ उपर्युक्त विकल्पों में से **'आधुनिक – नवीन'** विलोम युग्म सही नहीं है, क्योंकि **'आधुनिक – नवीन'** विलोम शब्द न होकर पर्यायवाची शब्द है।
➢ आधुनिक का विलोम 'प्राचीन' होगा।
➢ इष्ट – अनिष्ट
➢ आशा – निराशा
➢ उर्वर – ऊसर

44. [c]
**व्याख्या:-**
➢ हलाहल का विलोम 'सुधा' होगा।
➢ विष एवं गरल जहर के पर्यायवाची हैं।

45. [c]
**व्याख्या:-**
➢ **'पृथ्वी' के पर्यायवाची-** धरती, मही, विश्वंभरा, धरणी, मेदिनी, धरा, वसुन्धरा, विकेशी, क्षमा, अवनि, धरती, धरणी, क्षिति, अचला।
➢ **मौलि के पर्यायवाची-** चोटी, मस्तष्क, ललाट, माथा, किरीट, मुकुट, ताज।
➢ **ऋक्ष के पर्यायवाची–** भालू, रीछ, भीलूक, भल्लाट, भल्लूक।
➢ **याज्ञसेनी के पर्यायवाची-** पांचाली, द्रौपदी, सैरंध्री, द्रुपदसुता, कृष्णा।

46. [c]
**व्याख्या:-**
➢ **बुद्धि के पर्यायवाची शब्द**= समझ, अक्ल, मेधा, मति, प्रज्ञा, ज्ञान, विवेक, और धारणा.
➢ **जड़ के पर्यायवाची शब्द** = मूर्ख, मूढ़, अज्ञानी, नासमझ, , बुद्धिहीन

47. [c]
**व्याख्या:-**
➢ **बिजली के पर्यायवाची शब्द** – विद्युत, चपला, तड़ित, सौदामिनी, दामिनी, क्षणप्रभा, और चंचला.

48. [b]
**व्याख्या:-**
➢ 'नौकर जा रहा था।' इस वाक्य में अपूर्ण भूतकाल काल हैं।

49. [c]
**व्याख्या:-**
➢ **'अगर वह काम करता होता, तो अब तक चतुर हो जाता।' हेतुहेतुमद् भूत**काल **में** हैं।

50. [b]
**व्याख्या:-**
➢ बारात का शुद्ध रूप 'बरात' है।
➢ मूर्छा का शुद्ध रूप 'मूर्च्छा' है।
➢ आमात्य का शुद्ध रूप 'अमात्य' है।

51. [d]
**व्याख्या:-**
➢ विकल्प d के सभी शब्द सही हैं।
➢ अन्य अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप- गत्यवरोध, त्योहार, शृंखला, आशीर्वाद,

52. [b]
**व्याख्या:-**
➢ हिन्दु का शुद्ध रूप 'हिन्दू' होगा।

53. [a]
**व्याख्या:-**
➢ औषधि शब्द शुद्ध है।
➢ अन्य शब्दों के शुद्ध रूप – आश्चर्य, पूर्व, सूर्य।

**54. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ अधि+आत्म= अध्यात्म + इक- आध्यात्मिक होता है।

**55. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **अशुद्ध वाक्य -** थोड़े समय बाद छात्र वापस लौट आए। अशुद्ध है क्योंकि "वापस लौट" प्रयोग दोषपूर्ण है।

➢ सही वाक्य होगा — "थोड़े समय बाद छात्र लौट आए।"

➢ अन्य सभी वाक्य शुद्ध और अर्थपूर्ण हैं।

**56. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **शुद्ध वाक्य-** क्या ये सारी पुस्तकें मुझे पढ़नी है? इसमें लिंग और वचन का प्रयोग सही है।

➢ "अनेकों लोग" अशुद्ध है, सही रूप "अनेक लोग" है।

➢ "पचास शब्द में" की जगह "पचास शब्दों में" होना चाहिए।

➢ "अनेक गाड़ी" की जगह "अनेक गाड़ियाँ" सही है।

**57. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ मीरां एक प्रसिद्ध कवयित्री थीं।

➢ हिदी और अंग्रेज़ी मेरी भाषाएँ हैं।

➢ प्यास के मारे उसके प्राण निकल गये।

➢ जया एक बुद्धिमती बालिका है।

**58. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **आसमान पर उड़ना – "**अत्यधिक घमंड करना या "अपने को बहुत ऊँचा समझना"।

➢ **आसमान पर थूकना -** ऐसा कार्य करना जो स्वयं पर ही भारी पड़ जाए" या "अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारना"।

➢ **आसमान दिखाना -** "किसी को बहुत कष्ट देना" या "कठिनाई में डालना"।

➢ **आसमान सिर पर उठाना -** "बहुत हंगामा करना" या "अतिशयोक्तिपूर्ण व्यवहार करना"।

**59. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **'टोपी उछालना' मुहावरे का अर्थ है-** अपमानित करना

**60. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ 'कतर-ब्योंत करना' मुहावरे का अर्थ है = किसी चीज़ को अपनी आवश्यकता के अनुसार काटना-छाँटना।

**61. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **'मन उमग्यो' राजस्थानी मुहावरे का सही अर्थ है-** मन भरना।

**62. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ आप पहले ही काफी ऋण ले चुके हैं फिर भी और ऋण लेने का इरादा रखते हैं। याद रखिए **..........**।' वाक्य में रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त लोकोक्ति है- ज्यों-ज्यों भीजे कामरी, त्यों-त्यों भारी होय ।

**63. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ 'झगड़े की जड़ को नष्ट कर देना के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है - न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी

➢ 'जरूरत भर की चीज' के अर्थ के लिए उपयुक्त लोकोक्ति 'बासी बचे न कुत्ता खाए' हैं।

➢ नेकी कर दरिया में डाल = भला करके भूल जाना

➢ 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।' का अर्थ - ऐसी कोई शर्त स्वीकार कर लेना जो पूरी न हो सके।

**64. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **'ऊँट के गले में बिल्ली' का अर्थ = बेमेल संबंध**।

➢ इधर कुआँ, उधर खाई = दोनों तरफ संकट की स्थिति होना

➢ आमों की कमाई, नींबुओं में गंवाई = एक काम में लाभ दूसरे में हानि,हिसाब बराबर

➢ आ बैल मुझे मार = जान बूझकर विपत्ति में पड़ना

**65. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **'लेना एक न देना दो'** लोकोक्ति का हिन्दी में अर्थ – कोई संबंध न रखना

➢ लोकोक्ति का वाक्य प्रयोग – भाई साहब का बड़ा बेटा गलत सोहबत में पड़ गया है और भाई साहब उसकी ओर ध्यान ही नहीं दे रहे। हमें क्या? भुगतेंगे खुद ही। हमें तो उस लड़के से न लेना एक न देना दो।

**66. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ 'चिर – चीर' समश्रुत शब्दों का अर्थ = दीर्घकाल – वस्त्र होगा।

**67. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ अन्य महत्त्वपूर्ण समश्रुत शब्द निम्नलिखित हैं-

➢ निशित – निशीथ = तीक्ष्ण – आधी रात

➢ नमित – निमित = झुका हुआ – हेतु

➢ दारु – दारू = लकड़ी – शराब

**68. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ तपस्वी – तप करने वाला

➢ जिसे क्षमा न किया जा सके – अक्षम्य

➢ जिसका कोई मूल्य न हो – अमूल्य

➢ जो वन में घूमता हो – वनचर

➢ जो इस लोक से बाहर की बात हो – अलौकिक

**69. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ 'जो पहले कभी न हुआ हो' के लिए 'अभूतपूर्व' (पहले न हुआ) सही है।

**70. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ किसी टूटी–फूटी इमारत या बस्ती का बचा हुआ अंश – **भग्नावशेष**

**71. [a]**
**व्याख्या:-**
➢ बुरे भाव से की गई संधि – दुरभिसंधि

**72. [b]**
**व्याख्या:-**
➢ युद्ध की इच्छा रखने वाला – युयुत्सु
➢ जानने की इच्छा रखने वाला – जिज्ञासु
➢ पीने की इच्छा रखने वाला – पिपासु

**73. [b]**
**व्याख्या:-**
➢ 'ग्रंथ' शब्द पुल्लिंग है, जबकि इसके पयार्य कृति, पुस्तक, पत्रिका, किताब आदि स्त्रीलिंग है।

**74. [a]**
**व्याख्या:-**
➢ वाक्य में प्रयुक्त क्रिया के जिस रूप से बीते समय का बोध होता है उसे भूतकाल कहते हैं।
भूतकाल को मुख्यतः 6 प्रकारों में बाँटा गया है-
➢ 1. सामान्य भूतकाल 2. आसन्न भूतकाल
➢ 3. पूर्ण भूतकाल 4. अपूर्ण भूतकाल
➢ 5. संदिग्ध भूतकाल 6. हेतुहेतुमद् भूतकाल
➢ हेतुहेतुमद् भूतकाल - जहां भूतकाल की क्रिया शर्त अर्थात् एक क्रिया होने पर दूसरी क्रिया आश्रित हो, वहां हेतुहेतुमद् भूतकाल होता है। जैसे- तुम आते तो मेरा काम बन जाता।

**75. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ हिन्दी में 'ई' पर समाप्त होने वाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं का बहुवचन बनाने के लिए अंतिम 'ई' को 'इयाँ' में बदला जाता है।
➢ **उदाहरण के लिए-**
➢ नारी → नारियाँ दवाई → दवाइयाँ
➢ नदी → नदियाँ स्त्री → स्त्रियाँ
➢ बेटी → बेटियाँ मछली → मछलियाँ आदि।

**76. [a]**
**Explanation:-**
➢ The simple past "turned" and "went" are used for sequential actions completed in the past, fitting the narrative context.

**77. [a]**
**Explanation:-**
➢ The passive form "can be done" and "are given" shifts the focus to the action and recipient, preserving the conditional structure.

**78. [c]**
**Explanation:-**
➢ The imperative "read" becomes an infinitive "to read" in indirect speech, and the present "don't" shifts to past "didn't," maintaining the conditional structure.

**79. [c]**
**Explanation:-**
➢ Invent का अर्थ है आविष्कार करना, Found का अर्थ है ढूँढ़ना जो कि खो चुका हो, Discover का अर्थ है खोज करना जो ज्ञात न हो और Research का अर्थ है शोध करना। कोलम्बस ने अमेरिका की खोज (discovery) की थी।

**80. [b]**
**Explanation:-**
➢ "Deferred" means delayed; "विलंब करना" accurately translates to "to delay," unlike other options.

**81. [c]**
**Explanation:-**
➢ "Some" is used for a quantity of eggs (countable) in a positive context, while "any" fits the negative context for money (uncountable).

**82. [c]**
**Explanation:-**
➢ "A" for singular "Mr. Mehra" and "complaint"; "an" for vowel-sounding "article"; "a" for singular "temper," all specific but indefinite.

**83. [c]**
**Explanation:-**
➢ Exclamatory Sentences # Subject a Verb का प्रयोग नहीं हो तो इसे Assertive Sentence में बदलने समय भाव के मुताबिक Subject + Verb का प्रयोग किया जाता है ताकि वाक्य का अर्थ सरलता से स्पष्ट हो जाए।

**84. [b]**
**Explanation:-**
➢ "Deliberate" means intentional; "unintentional" is the opposite, implying accidental, unlike casual, legitimate, or negligible.

**85. [c]**
**Explanation:-**
➢ "Narcissist" describes self-obsessed individuals, unlike novice (beginner), numismatist (coin collector), or narcisus (misspelled).

♦♦♦♦


विज्ञापन

# सफलता की चाबी
# राजस्थान परीक्षा हेतु PYQ's सीरीज़



**लक्ष्य क्लासेज उदयपुर के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में,**

**अक्षांश प्रकाशन द्वारा प्रकाशित।**







Scan to Download Lakshya App Now

Google play

MRP : ₹120

व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

**राजस्थान के सभी बुक स्टोर्स एवं लक्ष्य क्लासेज एप्लीकेशन पर उपलब्ध!**

S.No. AP00044 CODE : APDO(35) NRT

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

**लक्ष्य क्लासेज**™

**M. 9079798005, 6376491126**
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur